दैनिक
न्याय साक्षी

महत्वपूर्ण एवं खास

ऊंचाई से गिरकर मजदूर की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

भाटापारा (आरएनएस)। सोनबरसा के जेबी ट्रेडर्स पोहा मिल में चौकीदार की गिरने से मौत हो गई। मौत के बाद भड़के परिजन, ग्रामीण और मजदूरों ने हंगामा शुरू कर दिया है। लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को मिल में रख प्रदर्शन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार जेबी ट्रेडर्स पोहा मिल में कार्यरत चौकीदार की ड्यूटी के दौरान उंचाई से गिरने से मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन, मजदूर और ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने 5 लाख रुपए मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा कर रहे हैं। वहीं, मुआवजा नहीं मिलने से शव को रख कर प्रदर्शन कर रहे हैं। इधर हंगामे की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची है।

ट्रैक्टर पलटा, युवक घायल

महासमुंद (आरएनएस)। कोमाखान क्षेत्र के ग्राम मोखा में टैक्टर पलटने से एक मजदूर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गुरूवार सुबह खैरटखुर्द से धान लोड कर खरीदी केंद्र बेचने जा रहे ट्रैक्टर पलटने से ट्राली में बैठे खैरटखुर्द निवासी दिनेश साहू (40) घायल हो गया। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

धान लोड ट्रैक्टर को ट्रक की ठोकर, तीन घायल

महासमुंद (आरएनएस)। एनएच-53 में मुढ़ीपार के पास शुक्रवार सुबह ट्रक की ठोकर से ट्रैक्टर सवार तीन लोग घायल हो गए। उन्हे प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया है। पिथौरा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुढ़ीपार निवासी ओमप्रकाश जैन (42), घेसालाल (86) और वैभव (21) ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जेडी 1153 में धान भरकर खरीदी केंद्र झलप जाने निक ले थे तभी मुढ़ीपार के पास रायपुर की ओर से ट्रक क्रमांक जेएच 91 पीएन 4491 के चालक ने ट्रैक्टर को साइड से ठोकर मार दी। जिससे ट्रैक्टर सवार तीनों घायल हो गए। उन्हे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ओमप्रकाश की हालात गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक वार्ड 5 करबड़ा जशपुर निवासी गियाउल अंसारी (29) के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

खड़ी ट्रक से मोटरसाइकिल से टकराया, एक की मौत, एक घायल

» ट्रक चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत मर्ग कायम

रायपुर (आरएनएस)। सड़क किनारे खड़ी ट्रक से मोटरसाइकिल सवार युवक टकराकर गंभीर रूप से घायल हो जाने पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279, 337,304 ए के तहत मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती सुनीता साहू 32 वर्ष पिता अंगद राम साहू निवासी रायखेड़ा खरोरा में रिपार्ट दर्ज करायी है कि आम रोड पर सड़क किनारे खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 07 एलएल 2448 से मोटरसाइकिल से आ रहे मृतक कांतिलाल साहू 24 वर्ष पिता संतूराम साहू टकरा कर घायल हो गया एवं प्रार्थियां सुनीता साहू घायल हो गई। इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

शीत लहर और पाला से बचाव के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी

रायपुर। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य में शीत लहर और पाला की स्थिति उत्पन्न होने पर उससे बचाव के सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। निर्देशानुसार राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव ने राज्य के सभी संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों एवं मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशा जारी कर दिए हैं।

राहत आयुक्त एवं सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों और मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि भारत मौसम विज्ञान केन्द्र एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ में सामान्यतः दिसम्बर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता कभी-कभी शीत लहर का रूप ले लेती है। इस माह से ठंड प्रारंभ हो गई है। इस दौरान निःसहाय, आवासहीन, गरीब, वृद्ध एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थी ठंड से प्रभावित हो सकते हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शीतलहर से प्रभावित होने वाले जनसामान्य के बचाव के लिए समुचित प्रबंधन करें। अधिकारियों को रैनबसेरा, अस्थाई शरणस्थल, कंबल व्यवस्था, अलाव की व्यवस्था, आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं, आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों का समय परिवर्तन, शीत लहर से प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों को राजस्व पुस्तक 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, शीतलहर के प्रकोप एवं बचाव, प्रबंधन के लिए यूनीसेफ, रेडक्रॉस सोसायटी एवं अशासकीय संगठनों से आवश्यक सहयोग लेने के लिए कहा गया है। शीत प्रकोप से रबी फसलों के बचाव हेतु कृषि विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक समुचित व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन द्वारा 'शीतलहर के समय क्या करें और क्या न करें' इसके तहत आवश्यक समझाईश लोगों को दी है कि शीतलहर के समय जितना संभव हो घर के अंदर रहें। अति आवश्यक कार्य होने पर बाहर निकले। मौसम से संबंधित समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारों को ध्यान से सुने। वृद्ध व्यक्तियों का ध्यान रखे तथा उन्हें अकेला न छोड़े। ऐसे आवास का उपयोग करें जहां तापमान सही रहता हो, आवश्यकतानुसार गर्म पेय पीते रहें। बिजली का प्रवाह अवरूद्ध होने की स्थिति में फ्रीज में खाने के सामान को 48 घंटे से अधिक न रखे। शीतलहर से बचाव हेतु (टोपी या मफलर) का भी उपयोग किया जा सकता है अथवा सिर व कान को ढककर रखे।

राज्य स्तरीय आकलन कल से : आवश्यक समन्वय और सहयोग के लिए कलेक्टरों को निर्देश

रायपुर । प्रदेश में हिन्दी और सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम के समस्त शासकीय विद्यालयों में कक्षा पहली से आठवीं तक की जारी समय सारणी के अनुसार राज्य स्तरीय योगात्मक आकलन (SA-1) 9 से 14 दिसम्बर तक किया जाएगा। प्राथमिक स्तर पर कक्षा एक और दो का आकलन 9 से 11 दिसम्बर और कक्षा तीसरी से पांचवीं तक का आकलन 9 दिसम्बर से 12 दिसम्बर तक और पूर्व माध्यमिक स्तर पर कक्षा छठवीं से आठवीं तक का आकलन 9 से 14 दिसम्बर तक होगा। राज्य शैक्षक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के संचालक श्री पी. दयानंद ने सभी जिला कलेक्टरों से राज्य स्तरीय मिडलाइन आकलन में आवश्यक समन्वय एवं सहयोग करने को कहा है। कलेक्टरों से कहा गया है कि राज्य स्तरीय आकलन स्कूल शिक्षा विभाग के लिए एक वृहद एवं अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। कलेक्टर से इस कार्य में निरंतर सहयोग की आवश्यकता है। कलेक्टर इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करें। कलेक्टरों को जारी पत्र में कहा गया है कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय आकलन में प्रथम वर्ष सत्र 2019 में बेसलाइन, द्वितीय वर्ष सत्र 2020 में मिडलाइन और तृतीय वर्ष 2021 में एण्डलाइन आकलन किया जा रहा है। राज्य स्तर से इस आकलन में समस्त शासकीय शालाओं की कक्षा एक से आठ में समान तिथियों में समान प्रश्न पत्रों के आधार पर स्थानीय परीक्षा (SA-1) और (SA-2) (अर्धवार्षिक एवं वार्षिक) का संचालन किया जा रहा है।

मोटर साइकिल के आपसी भिड़ंत में 1 की मौत, 4 घायल

कांकेर(आरएनएस)। जिले के दुर्गूकोंदल में कल शाम को दो मोटर साइकिल की जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को संजीवनी एक्सप्रेस 108 से दुर्गूकोंदल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चारों का इलाज चल रहा।

कांग्रेसी नेता को ठेकेदार ने दी जान से मारने की धमकी, मामला पहुंचा थाने

कवर्धा (आरएनएस)। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व ठेकेदार कन्हैया अग्रवाल के भाई ठेकेदार विनोद अग्रवाल द्वारा फोन पर गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इसकी लिखित शिकायत रामकृष्ण साहू जिला अध्यक्ष ने एस पी से की है और कार्रवाई करने की मांग की है। कुछ दिन पहले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चर्चा के दौरान जिला अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने वरिष्ठ कांग्रेसी व ठेकेदार कन्हैया अग्रवाल पर दुर्वव्यहार का आरोप लगाते हुए अनुशासन हीनता के आरोप में पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया था।

अज्ञात आरोपियों ने मालगाड़ी के इंजन में किया पथराव

बिलासपुर (आरएनएस)। ट्रेनों में पथराव, चोरी और लाश मिलने की घटना के बाद ट्रेनों में पथराव की घटना आम हो गई है। शुक्रवार को खोंगसरा व टेंगनमाडा के बीच मालगाड़ी में पथराव किया गया। ट्रेन में पथराव से असिस्टेंट लोको पायलट उमाशंकर प्रजापति घायल हो गए। लोको पायलट को केंद्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

रेलवे के जागरूकता अभियान और आरपीएफ के सघन जांच पड़ताल का भी कोई असर नहीं दिख रहा है। शहडोल से बिलासपुर आ रही मालगाड़ी भिलाई-यूआइई जिसका लोको नंबर 28500 है। मुगलसराह का इंजन लगा हुआ था। मालगाड़ी अपनी चाल में आगे बढ़ रही थी कि खोंगसरा व टेंगनमाडा के बीच कल अचानक किसी अज्ञात तत्वों ने पत्थर मारना शुरू कर दिया।

लोको पायलट को लगी चोट

पथराव से इंजन का कांच टूट गया। मास्टर ने जैसे तैसे अपने आप को बचाया। असिस्टेंट लोको पायलट उमाशंकर प्रजापति के बाएं आंख में एक पत्थर लगा। पत्थर लगने से आंख से खून बहने लगा। मास्टर ने ट्रेन को वहीं आउटर में खड़ा किया। बिकानेर-पुरी एक्सप्रेस से घायल उमाशंकर को बिलासपुर लाया गया। तत्काल उसे रेलवे के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के मुताबिक अभी उनका इलाज चल रहा है। दूसरी ओर रेलवे जांच टीम बनाकर अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है। आरपीएफ के ऋषि कुमार शुक्ला को इसकी जिम्मेदारी दी गई है।

एक साल में ही राज्य की फिजा बदली, जनता में सरकार के प्रति विश्वास और भरोसा जगा: भूपेश

» नई दिल्ली में आयोजित लीडरशिप समिट में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल हुए शामिल

रायपुर। नई दिल्ली में आयोजित लीडरशिप समिट में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 11 माह पुरानी है। लेकिन इतने कम समय में राज्य की फिजा इतनी बदल गई है कि दुनिया और देश में इस समय जो चुनौतियां है उनमें छत्तीसगढ़ अटल, अडिग और निरन्तर विकसित अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा रह सका है।

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि 11 महीनों में छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर में जहां 6 प्रतिशत गिरावट आई है, वही 11 महीनों में ही प्रदेश में रियल सेक्टर में 70 प्रतिशत उछाल ओटोमोबाइल सेक्टर में 35 प्रतिशत तक बढ़ोतरी सहित बाजार से गयी रौनक वापस लौट आई है। यह सब चमत्कार नहीं है। हमने गांधी की विचारधारा के मॉडल को अपनाया है। हम नरवा, गरवा, घुरवा, बारी की जिस योजना पर काम कर रहे हैं वो महज कोई सरकारी योजना नहीं है, बल्कि जन विकास का एक वैकल्पिक मॉडल है।

श्री बघेल ने समिट में कहा कि देश को भावनात्मक आधार पर नहीं चला सकते, इसके लिए अर्थव्यवस्था में सुधार करना ही होगा। समिट को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों का कर्ज माफ किया गया है, किसानों से 2500 रुपये क्विंटल धान खरीदा जा रहा है, यही वजह है कि राज्य में मंदी का असर नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ में ऑटोमोबाइल्स, रियल इस्टेट सहित सभी क्षेत्रों में उछाल देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा आम जनता के जेब में पैसे डालने पर ही बाजार में पैसे आएंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि, दुनिया में ऐसे उदाहरण कम होंगे कि ग्रामीण व्यवस्था के सुधार में खेती छोड़ चुके किसान हजारों की संख्या में वापस खेतों में लौट आए है। पलायन वाला दौर अब छत्तीसगढ़ में नहीं रहा है, पुनर्वास का यह नया दौर है, जो छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास की तस्दीक करता है। समिट में देश-विदेश से आए ख्याति प्राप्त बुद्धिजीवी भी उपस्थित थे। जीएसटी पर राज्यों को मिलने वाले क्षतिपूर्ति अनुदान से सम्बंधित एक प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि, छत्तीसगढ़ में क्षतिपूर्ति की माँग वर्ष 2018-19 में बढ़कर 6500 करोड़ हो जायेगी। केंद्र द्वारा अब तक जीएसटी कंपनसेशन रिलीज नहीं होने से राज्य को राजस्व की बड़ी हानि हो रही है और विकास के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

मंत्री लखमा नामांकन में शामिल हुए

सुकमा(आरएनएस)। सुकमा जिले के एक मात्र नगर पंचायत का जहाँ चुनाव होना है, जिसमें आज मंत्री कवासी लखमा के नेतृत्व में दोरनापाल नगर पंचायत के 15 पार्षद ने सामूहिक रूप से नामांकन दाखिल किया।

नामांकन दाखिल कार्यक्रम में मंत्री कवासी लखमा दिन भर दोरनापाल में कार्यकर्ताओं से चर्चा करते रहे इन्होंने कुछ टिकट नहीं मिलने से नाराज कार्यकर्ताओं से चर्चा करते रहे और दूसरी ओर भाजपा ने भी कल अंतिम दिन होने से भाजपा के भी 15 वार्ड के पार्षद ने नामांकन दाखिल किया और आज स्कूटनी है, 09 दिसम्बर तक नाम वापसी भी है ।

सरोना-कुम्हारी के बीच रेलवे इलेक्ट्रिक लाइन में खराबी

» 2 दर्जन से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित, कई ट्रेनों को रोका गया

भिलाई (आरएनएस)। रेलवे के इलेक्ट्रिक लाइन में खराबी के कारण दो दर्जन से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित रही। सरोना-कुम्हारी के बीच इलेक्ट्रिक फॉल्ट के चलते पिछले दो घंटे से ट्रेनों की आवजाही रोकी गई थी। आउटर में ट्रेनों को रोका गया था। दुर्ग से सुबह 6.25 को चलने वाली लोकल ट्रेन को कुम्हारी में ही खत्म कर दिया गया। लोकल यात्रियों को वहां से गुजर रही समता एक्सप्रेस में बैठाया गया। लेकिन इलेक्ट्रिक लाइन में खराबी के चलते समता को कुम्हारी में करीब पौन घंटे के बाद छोड़ा गया। इस वजह से सुबह रायपुर जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस खराबी के कारण नागपुर से आने जाने वाली करीब 15 ट्रेनें प्रभावित रहीं।

किसान के खेत मे लगी आग, 30 एकड़ से अधिक फसल स्वाहा

डोंगरगढ़ (आरएनएस)। लालबहादुर नगर में एक किसान के खेत में आग लगने से हड़कंप मच गया। वहीं, कुछ ही मिनटों में 30 30 क्विंटल से ज्यादा धान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। बताया जा रहा है कि चिचोला पुलिस चौकी के लालबहादुर नगर निवासी किसान धान को जमा कर रखा हुआ। बेचने की तैयारी चल रही थी। इस बीच अचानक खेत में आग लगने से करीब 30 क्विंटल से ज्यादा धान आग की चपेट में आ गया।

मौके पर कुछ लोगों ने बुझाने की कोशिश की। तब तक पूरा धान जल गया। अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

लूटपाट करने वाले चार शातिर को गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। ट्रक लेकर कोयला सप्लाई के लिए निकले दो अलग-अलग ट्रेलर ड्राइवरो से जमकर मारपीट करने और फिर उनसे जबरिया रकम की लूटपाट करने वाले चार शातिर आरोपियों को बालकोनगर पुलिस ने धर दबोचा है। सभी पर पुलिस ने भादवि की धारा 394, 427, 34 के तहत मामला कायम कर रिमांड पर भेजने की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक अंबिकापुर का रहने वाला दिनेश सिंह पेशे से ट्रेलर ड्राइवर है। वह कल यानी 5 दिसंबर को व्हाया दर्री बाल्को होते हुए चांपा स्थित प्रकाश इंडस्ट्रीज कोयले की आपूर्ति करने ट्रेलर सीजी 07 ए जेड 8013 लेकर निकला था। उसके साथ ही साथ एक अन्य ट्रेलर सीजी 15 एसी 6291 भी रवाना हुआ था। इस ट्रेलर को दिनेश का साथी अशोक कुमार चला रहा था। ये दोनों ट्रेलर कल सुबह 4 बजे बालकोनगर थाना के रूमगरा के पास पहुंचे ही थे कि दो विपरीत दिशा से आ रही ट्रेलर के चालको ने सड़क के बीचों बीच अपना ट्रेलर सीजी 11 एवी 1781 व सीजी 11 एवी 1781 खड़ा कर दिया। दोनो ही ट्रेलर से उतरे आरोपी सीधे दिनेश और अशोक के पास पहुंचे और उनके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उनके पास रखे 48 सौ और दो हजार रुपये की लूटपाट की। खुद के साथ हुए इन वारदात के बाद दिनेश ने बाल्को थाने में इसकी शिकायत की थी। पुलिस ने उनका बयान दर्ज करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस को पतासाजी के दौरान राखड़ डेम के पास कुछ संदिग्ध नजर आए जिनसे पूछताछ करने पर वह गोलमोल जवाब देने लगे। कड़ाई बरतने पर उन्होंने वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया। गिरफ्त में आए आरोपियों में जशपुर जिले के फिटिंग पारा का

रहने वाला त्रिनाथ यादव पिता परमाराम यादव 22, जांजगीर के पीथमपुर का निवासी कपिल साहू पिता अशोक साहू 19, जांजगीर के ही नैला का रहने वाला रामनारायण धीवर पिता बजरंग धीवर 26 व राहुला यादव पिता धवाराम यादव जांजगीर का निवासी शामिल है। सभी आरोपी सूरज ट्रांसपोर्ट आर के टी सी कंपनी बाल्को से सम्बद्ध है। इनके पास से पुलिस को लूट की रकम, घटना में प्रयुक्त दो ट्रेलर और लोहे का रॉड बरामद किया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU